Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 जुलाई, 2022

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेला

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा 'प्रधानमंत्री कौशल भारत मिशन' के अंतर्गत 11 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 88 हज़ार आवेदक मेले में भागीदारी कर चुके हैं और इसके माध्यम से 67 हज़ार से अधिक अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। एक दिन के इस आयोजन में 36 क्षेत्रों की एक हज़ार से अधिक कंपनियाँ शामिल होंगी तथा 500 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध होंगे। मंत्रालय द्वारा देश भर में 200 से अधिक स्थानों पर मेले का आयोजन तथा आवेदकों को प्रशिक्षण के माध्यम से अपना कॅरियर बनाने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास पाँचवीं से बारहवीं कक्षा पास होने का प्रमाण पत्र, कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, आईटीआई डिप्लोमा या स्नातक डिग्री होनी चाहिये। युवा प्रशिक्षु 500 से अधिक व्यवसायों में से चुनाव कर सकेंगे। प्रशिक्षण के बाद उन्हें राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद से प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कंपनियों को अधिक से अधिक प्रशिक्षुओं को काम पर रखने का अवसर देना तथा प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक कौशल के ज़रिये उनकी क्षमता का विकास करना है।

अमिताभ कांत

हाल ही में सरकार के थिंक टैंक नीतिआयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को G-20 हेतु भारत का नया शेरपा चुना गया है। कांत G-20 शेरपा के रूप में पीयूष गोयल का स्थान लेंगे। भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक G-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के G-20 अध्यक्ष पद के कार्यकाल हेतु पूर्णकालिक शेरपा की आवश्यकता थी। यही कारण है कि पीयूष गोयल की जगह अमिताभ कांत को लिया गया है। G-20 के अन्य शेरपाओं में शक्तिकांत दास, सुरेश प्रभु और मोंटेक सिंह अहलूवालिया शामिल हैं। अमिताभ कांत का विस्तारित कार्यकाल नीतिआयोग के सीईओ के रूप में जून 2022 में पूरा हुआ। उन्होंने छह वर्षों तक इस पद पर कार्य किया। वह केरल कैडर के वर्ष 1980 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में नीतिआयोग के सीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

विश्व जनसंख्या दिवस

प्रत्येक वर्ष **11 जुलाई** को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस की**स्थापना वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की गवर्निंग काउंसिल द्वारा** की गई थी । यह **11 जुलाई, 1987** के '**फाइव बिलियन डे**' से प्रेरित था। इस तारीख को दुनिया की अनुमानित आबादी पाँच अरब पहुँच गई थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों जैसे- परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, गरीबी और मानवाधिकारों के महत्त्व पर लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व जनसंख्या दिवस**2022 की थीम है- "8 बिलियन की दुनिया: सभी के लिये एक लचीले भविष्य की ओर-अवसरों का दोहन और सभी के लिये अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना**"।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-july-2022